जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 04.09.2023**

थाना कैराना

थाना कैराना पुलिस द्वारा मोबाइल लूट की घटना का अल्प समय में सफल अनावरण करते हुए लुटेरों से हुई मुठभेड में 02 शातिर लुटेरे घायल/गिरफ्तार , कब्जे से अवैध हथियार मय जिन्दा व खोखा कारतूस , लूटा हुआ मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मो0सा0 बरामदः-

दिनांक 03.09.2023 की रात्रि समय 22.00 बजे पीडित मुकदमा आलम पुत्र चांदमिया निवासी मौ 0 अफगानान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली से दो अज्ञात बाइक सवार युवको द्वारा मौ 0 अफगानान में दुकान पर गेम खेलते समय फोन छिनकर भाग गये , जिसकी सूचना पीडित के पिता चांदमिया द्वारा थाना कैराना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना कैराना पुलिस , एसओजी एवं सर्विलांस टीम मौके पर पहुची तथा घटनास्थल से जाने वाले सभी रास्तो की नाकाबन्दी कर चैकिंग प्रारम्भ की गई। घटना के सम्बन्ध में पीडित की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। थाना कैराना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये वादी से जानकारी कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज आदि से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये।

इसी क्रम में दिनांक 04.09.2023 की सुबह पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस की कार्यवाही में मोबाइल लूट की घटना कारित करने वाले बदमाशों से रजवाहा पटरी ग्राम बदलूगढ पर हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में 01 बदमाश को घायल/गिरफ्तार एवं एक अन्य बदमाश सहित गिरफ्तार कर मोबाइल लूट की घटना का अल्प समय में सफल अनावरण करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी कैराना में भर्ती कराया गया है । गिरफ्तार/घायल अभियुक्तों के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल, घटना में प्रयुक्त अवैध 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:-

दोनो अभियुक्तगणों ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 03.09.2023 की रात्रि को हम दोनो लूट के इरादे से बाईक से जा रहे थे तभी रास्ते में मौहल्ला अफगानान में दुकान पर हमें एक बच्चा मोबाईल चलाते दिखा, जिससे उसका मोबाइल छिनकर हम दोनो वहां से भाग गये थे।

नाम व पता घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1. फारुख उर्फ उस्मान पुत्र मुन्तियाज निवासी मौहल्ला गुलीछडियान कस्बा व थाना कैराना   जनपद शामली ।

2.शहजाद पुत्र शमशाद निवासी मौहल्ला गुलीछडियान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली (घायल)

बरामदगी का विवरणः-

1.लूटा हुआ मोबाइल (सैमसंग ए12 रंग नीला)

2.घटना मे प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा मय 01 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3.घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नंबर पैशन प्रो रंग काला)

आपराधिक इतिहास अभियुक्त शहजाद उपरोक्तः-

मु0अ0सं0 240/2018 धारा 380/411 भादवि थाना कैराना जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.निरीक्षक नेत्रपाल सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

2.उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

3.उ0नि0 राकेश थाना कैराना जनपद शामली।

4.है0का0 वरणकार थाना कैराना जनपद शामली।

5.का0 सन्दीप थाना कैराना जनपद शामली।

6.का0 अनुज थाना कैराना जनपद शामली।

थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध देशी शराब के 62 पव्वे बरामदः-

दिनांक 03.09.2023 थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण 1.शहजाद पुत्र रहीश निवासी मौ0 शैखजादगान थाना कांधला जनपद शामली 2.खालिद पुत्र बाबर निवासी नई बस्ती मुस्तफाबाद थाना कांधला जनपद शामली 3.अनिल पुत्र इशक लाल निवासी ग्राम सल्फा थाना कांधला जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है जिनके कब्जे से अवैध देशी शराब के 62 पव्वे बरामद किये गये है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध थाना कांधला पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 07 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्त किये गिरफ्तारः-</u>

दिनांक 03/04.09.2023 की रात्रि को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 0 7 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी/वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-</u>

1 जिला पुत्र नूर मौहम्मद निवासी ग्राम जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली।
2 शाहिद पुत्र याकूब कुरैशी निवासी ग्राम बल्ला माजरा थाना झिंझाना जनपद शामली।
3 रवि पुत्र सेवाराम निवासी मौहल्ला ठाकुरद्वारा कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली।
4 उमरनवाज उर्फ सोनू पुत्र सज्जाद निवासी इस्लामपुर घसौली थाना कांधला जनपद शामली।
5 जसबीर पुत्र कवल सिंह निवासी रैदासपुरी बनत थाना आदर्शमंडी जनपद शामली।
6 इकराम अली पुत्र इशहाक उर्फ ईशाक निवासी मौहल्ला बेगमपुरा कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।
7 रवि पुत्र यशपाल निवासी मालैण्डी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।